Regarding expansion of Delhi Metro network upto Sonipat-laid

श्री सतपाल ब्रह्मचारी **(सोनीपत) :** दिल्ली में मेट्रो शुरू होने के बाद सोनीपत वासियों को उम्मीद थी कि इसका विस्तार सोनीपत तक किया जाएगा जो नहीं हो पाया । दिल्ली-पानीपत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस) से सोनीपत संसदीय क्षेत्र को उम्मीद थी जिससे उन्हें सुगम यातायात का लाभ मिलता तथा हर रोज सोनीपत से दिल्ली नौकरी,पढ़ाई, व्यवसाय तथा अन्य कारणों से हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन रहता है । सोनीपत लोकसभा के क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी की सोनीपत भी अन्य विकसित शहरों की तरह मेट्रो से विकसित होगा । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली, सोनीपत और पानीपत को जोड़ने वाला 103 किमी (64 मील) लंबे सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोर को स्वीकृति मिलने के बावजूद कदम नहीं बढ़ाया जा रहा है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि यह परियोजना मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इस परियोजना को जल्द से जल्द शुरू किया जाए । सोनीपत को भी रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के जरिए रैपिड ट्रैन और मेट्रो से जोड़ा जाए ।तथा ट्रैन न. 12005/12006 तथा 22447/22448 का ठहराव भी सोनीपत जंक्शन पर किया जाये । जिससे क्षेत्रवासियों को सोनीपत से चंडीगढ़ /दिल्ली आवागमन में यात्रियों को कठिनाई न हो ।